अमृत काल
अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ समीक्षित एवं स्वीकृत शोध पत्रिका
ISSN: 3048-5118, खंड4, अंक1, जनवरी - मार्च 2026

# राजस्थान के कोटा जिलें में महिला सरपंचों भागीदारी का अनुभवमूलक अध्ययन

**आशुतोष सोनी[1], डॉ. ओमप्रकाश मेहरड़ा[2]**

[1]शोधार्थी, लोक प्रशासन विभाग, श्री खुशालदास विश्वविद्यालय, पीलीबंगा, हनुमानगढ
[2]शोध निर्देशक, लोक प्रशासन विभाग, श्री खुशालदास विश्वविद्यालय, पीलीबंगा, हनुमानगढ

**सारांश**

**पंचायतीराज व्यवस्था का उद्देश्य भारतीय लोकतंत्र में शासन को ग्राम स्तर तक विकेन्द्रीकृत करते हुए जनसहभागिता को सुदृढ़ बनाना है। राजस्थान राज्य में त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं के माध्यम से ग्रामीण स्वशासन को प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। विशेष रूप से महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक आरक्षण प्रदान कर स्थानीय शासन में समावेशी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान द्वारा सम्पन्न कराए गए ग्राम पंचायत आम चुनाव स्थानीय लोकतंत्र की संरचना, सामाजिक प्रतिनिधित्व तथा महिला राजनीतिक सहभागिता के अध्ययन हेतु महत्वपूर्ण आधार प्रदान करते हैं।**

**राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान द्वारा दिनांक 07 सितम्बर, 2021 को प्रस्तुत पंचायतीराज आम चुनाव 2020-21 (ग्राम पंचायत) संबंधी प्रतिवेदन के अनुसार पंचायतीराज संस्थाओं के नवसृजन एवं पुनर्गठन को न्यायालय में चुनौती दिए जाने के कारण चुनाव प्रक्रिया आंशिक रूप से प्रभावित हुई। आयोग द्वारा न्यायालयीन स्थगन से अप्रभावित ग्राम पंचायतों में समयबद्ध रूप से चुनाव सम्पन्न करवाने हेतु चरणबद्ध चुनाव कार्यक्रम जारी किया गया। इस क्रम में दिनांक 09 जनवरी 2020 को 6,759 ग्राम पंचायतों तथा दिनांक 28 फरवरी 2020 को 704 ग्राम पंचायतों के लिए चुनाव कार्यक्रम जारी किया गया। इस प्रकार कुल 7,463 ग्राम पंचायतों में सफलतापूर्वक आम चुनाव सम्पन्न करवाए गए।**

**इसके उपरांत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय में प्रस्तुत विविध आवेदनों का निस्तारण करते हुए न्यायालय ने शेष पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव दिनांक 15 अक्टूबर 2020 तक सम्पन्न कराने के निर्देश प्रदान किए। न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में आयोग द्वारा चुनाव से शेष रह गई 3,848 ग्राम पंचायतों के लिए दिनांक 07 सितम्बर 2020 को चुनाव कार्यक्रम जारी किया गया।**

**उक्त 3,847 ग्राम पंचायतों में सफलतापूर्वक मतदान के पश्चात् माह जनवरी 2021 में अजमेर जिले की 9 ग्राम पंचायतों तथा जयपुर जिले की 1 ग्राम पंचायत में भी आम चुनाव सफलतापूर्वक सम्पन्न कराए गए। इस प्रकार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जनवरी-मार्च 2020, सितम्बर-अक्टूबर 2020 तथा जनवरी 2021 में समस्त ग्राम पंचायतों के आम चुनाव सम्पन्न कराए गए।**

**राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान द्वारा ग्राम पंचायत आम चुनावों के संबंध में प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर निर्वाचन प्रक्रिया, मतदाता सहभागिता, आरक्षण व्यवस्था, महिला प्रतिनिधित्व तथा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि का विस्तृत विश्लेषण इस अध्याय में प्रस्तुत किया गया है। प्रतिवेदन में उपलब्ध सांख्यिकीय आँकड़ों एवं तथ्यात्मक विवरणों की समीक्षा के माध्यम से पंचायतीराज संस्थाओं में लोकतांत्रिक सहभागिता के स्वरूप, महिला राजनीतिक सशक्तिकरण की स्थिति तथा स्थानीय स्वशासन में उभरती प्रवृत्तियों को समझने का प्रयास किया गया है। इस संदर्भ में राज्य स्तर एवं कोटा जिले के तुलनात्मक अध्ययन द्वारा निर्वाचन परिणामों के विभिन्न आयामों का व्यवस्थित एवं विश्लेषणात्मक विवेचन किया गया है।**

**मूल शब्दः कोटा पंचायतीराज, कोटा ग्राम पंचायत, विकेन्द्रीकरण, महिला सहभागिता, महिला जनप्रतिनिधि, लोकतंत्र, महिला सरपंच**

**ग्राम पंचायत**

**ग्राम पंचायतों एवं वार्डों की संरचनात्मक स्थिति**

राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन (2020-21) के अनुसार राज्य में पंचायतीराज संस्थाओं की संरचनात्मक व्यवस्था के अंतर्गत कुल 11,320 ग्राम पंचायतें तथा 1, 09, 229 वार्ड स्थापित हैं। यह संरचना राज्य में स्थानीय स्वशासन की प्रशासनिक इकाइयों के व्यापक विस्तार को दर्शाती है।

जिला स्तर पर विश्लेषण करने पर स्पष्ट होता है कि कोटा जिले में कुल 158 ग्राम पंचायतें तथा 1,780 वार्ड विद्यमान हैं। पंचायत समितिवार विवरण के आधार पर सर्वाधिक 37 ग्राम पंचायतें पंचायत समिति खैराबाद में तथा न्यूनतम 22 ग्राम पंचायतें पंचायत समिति लाडपुरा के अंतर्गत आती हैं।

ग्राम पंचायतों व वार्डों का पंचायत समिति वार संख्यात्मक विवरण निम्नानुसार है - सारणी – 1

| क्र.सं. | पंचायत समिति | कुल ग्राम पंचायत | कुल वार्ड |
|---|---|---|---|
| 1 | इटावा | 30 | 338 |
| 2 | खैराबाद | 37 | 443 |
| 3 | लाडपुरा | 22 | 246 |
| 4 | सांगोद | 36 | 378 |
| 5 | सुल्तानपुर | 33 | 375 |
| **कोटा** | | **158** | **1780** |
| **राजस्थान** | | **11320** | **1,09,229** |

मतदाता संरचना का विश्लेषण
राजस्थान में आयोजित ग्राम पंचायत स्तर के आम चुनाव के लिए आयोग द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार कुल 3,79,46,554 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें 1,97,64,761 पुरुष, 1,81,81,664 महिला तथा 149 अन्य श्रेणी के मतदाता सम्मिलित थे।

जिला स्तर पर विश्लेषण करने पर कोटा जिले में कुल 6,06,930 मतदाता पंजीकृत पाए गए, जिनमें 3,14,587 पुरुष, 2,92,334 महिला तथा 09 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। पंचायत समितिवार विवरण के अनुसार सर्वाधिक कुल मतदाता पंचायत समिति खैराबाद में 1,49,765 तथा न्यूनतम 84,162 मतदाता पंचायत समिति लाडपुरा में है। महिला मतदाताओं के संदर्भ में पंचायत समिति खैराबाद में सर्वाधिक 71,599 महिला मतदाता पंजीकृत हैं, जबकि पंचायत समिति लाडपुरा में यह संख्या न्यूनतम 40,829 है।

प्रतिशतात्मक दृष्टि से विश्लेषण करने पर राजस्थान राज्य में महिला मतदाताओं का अनुपात 47.91 प्रतिशत है, जबकि कोटा जिले में यह अनुपात 48.17 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो राज्य औसत से अधिक है। पंचायत समितिवार तुलना से ज्ञात होता है कि महिला मतदाताओं का सर्वाधिक प्रतिशत पंचायत समिति लाडपुरा में 48.51 प्रतिशत तथा न्यूनतम पंचायत समिति खैराबाद में 47.81 प्रतिशत है। उपरोक्त आँकड़े यह संकेत करते हैं कि कोटा जिले में महिला मतदाताओं की भागीदारी राज्य के औसत के अपेक्षाकृत समान है।

**कुल मतदाताओं का पंचायत समिति एवं लिंग वार विवरण निम्नानुसार है -**
सारणी -2

| पंचायत समिति | ग्राम पंचायत | कुल मतदाता | पुरूष मतदाता | महिला मतदाता | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|
| इटावा | 30 | 115572 | 60031 | 55541 | 0 |
| खैराबाद | 37 | 149765 | 78162 | 71599 | 4 |
| लाडपुरा | 22 | 84162 | 43332 | 40829 | 1 |
| सांगोद | 36 | 127396 | 65775 | 61617 | 4 |
| सुल्तानपुर | 33 | 130035 | 67287 | 62748 | 0 |
| कोटा | **158** | **606930** | **314587** | **292334** | **9** |
| राजस्थान | **11319** | **37946554** | **19764761** | **18181644** | **149** |

अमृत काल
अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ समीक्षित एवं स्वीकृत शोध पत्रिका
ISSN: 3048-5118, खंड4, अंक1, जनवरी - मार्च 2026

**कुल महिला मतदाता प्रतिशत -**
सारणी - 3

| पंचायत समिति | ग्राम पंचायत | कुल मतदाता | महिला मतदाता | कुल प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| इटावा | 30 | 115572 | 55541 | 48.06 |
| खैराबाद | 37 | 149765 | 71599 | 47.81 |
| लाडपुरा | 22 | 84162 | 40829 | 48.51 |
| सांगोद | 36 | 127396 | 61617 | 48.36 |
| सुल्तानपुर | 33 | 130035 | 62748 | 48.25 |
| कोटा | **158** | **606930** | **292334** | **48.17** |
| राजस्थान | **11319** | **37946554** | **18181644** | **47.91** |

मतदान प्रतिशत एवं लिंगानुसार मतदान सहभागिता
राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन (2020-21) के अनुसार राजस्थान में कुल 11,319 ग्राम पंचायतों में चुनाव करवाए गए। इन ग्राम पंचायतों में पंजीकृत कुल 3,76,28,050 मतदाताओं में से 3,11,80,085 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो कुल मतदाताओं का 82.26 प्रतिशत है।

जिला स्तर पर विश्लेषण करने पर कोटा जिले में कुल 6,05,718 मतदाताओं में से 5,04,335 मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया, जो कुल मतदाताओं का 83.26 प्रतिशत है। यह प्रतिशत राज्य के औसत मतदान प्रतिशत से अधिक है, जिससे स्पष्ट होता है कि जिले में निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति अपेक्षाकृत अधिक सक्रिय भागीदारी रही।

पंचायत समितिवार तुलना करने पर कोटा जिले में सर्वाधिक कुल मतदान प्रतिशत पंचायत समिति खैराबाद में 85.13 प्रतिशत दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम मतदान प्रतिशत पंचायत समिति लाडपुरा में 81.76 प्रतिशत रहा।

यदि महिला मतदाताओं की सहभागिता का विश्लेषण किया जाए तो राजस्थान में 83.61 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मतदान किया, जबकि कोटा जिले में महिला मतदान प्रतिशत 81.06 प्रतिशत रहा। पंचायत समितिवार विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि कोटा जिले में सर्वाधिक महिला मतदान प्रतिशत पंचायत समिति खैराबाद में 83.66 प्रतिशत तथा न्यूनतम पंचायत समिति लाडपुरा में 78.82 प्रतिशत दर्ज किया गया।

लिंगानुसार तुलना से यह तथ्य विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य स्तर पर महिला मतदान प्रतिशत (83.61 प्रतिशत) पुरुष मतदान प्रतिशत (82.18 प्रतिशत) से 1.43 प्रतिशत अधिक रहा। इसके विपरीत, कोटा जिला तथा जिले की समस्त पंचायत समितियों में पुरुषों की तुलना में महिला मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत कम दर्ज किया गया।

कोटा जिले की 158 तथा राजस्थान राज्य की 11319 ग्राम पंचायतों का कुल मतदाता, मतदान संख्या एवं मतदान प्रतिशत का लिंग वार विवरण निम्न प्रकार है -

सारणी – 4

| क्र. सं. | पंचायत समिति | ग्राम पंचायत | मतदाता | | | | मतदान | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पुरूष | महिला | अन्य | कुल | पुरूष | महिला | अन्य | कुल |
| 1 | इटावा | 30 | 59496 | 54864 | 0 | 114360 | 50266 | 43872 | 0 | 94138 |
| 2 | खैराबाद | 37 | 78162 | 71599 | 4 | 149765 | 67595 | 59899 | 2 | 127496 |
| 3 | लाडपुरा | 22 | 43332 | 40829 | 1 | 84162 | 36628 | 32183 | 1 | 68812 |
| 4 | सांगोद | 36 | 65775 | 61617 | 4 | 127396 | 56497 | 49993 | 1 | 106491 |
| 5 | सुल्तानपुर | 33 | 67287 | 62748 | 0 | 130035 | 56915 | 50483 | 0 | 107398 |
| कोटा | | **158** | **314052** | **291657** | **9** | **605718** | **267901** | **236430** | **4** | **504335** |
| राजस्थान | | **11319** | **19594179** | **18033726** | **145** | **37628050** | **16102426** | **15077165** | **44** | **31180085** |

अमृत काल
अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ समीक्षित एवं स्वीकृत शोध पत्रिका
ISSN: 3048-5118, खंड4, अंक1, जनवरी - मार्च 2026

कुल मतदान प्रतिशत
सारणी – 5

| क्र.सं. | पंचायत समिति | मतदान प्रतिशत | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ग्राम पंचायत | पुरूष | महिला | अन्य | कुल |
| 1 | इटावा | 30 | 84.49 | 79.97 | 0.00 | 82.32 |
| 2 | खैराबाद | 37 | 86.48 | 83.66 | 50.00 | 85.13 |
| 3 | लाडपुरा | 22 | 84.53 | 78.82 | 100.00 | 81.76 |
| 4 | सांगोद | 36 | 85.89 | 81.14 | 25.00 | 83.59 |
| 5 | सुल्तानपुर | 33 | 84.59 | 80.45 | 0.00 | 82.59 |
| **कोटा** | | **158** | **85.30** | **81.06** | **44.44** | **83.26** |
| **राजस्थान** | | **11319** | **82.18** | **83.61** | **30.34** | **82.86** |

ग्राम पंचायतों में आरक्षण व्यवस्था
राजस्थान की कुल 11,320 ग्राम पंचायतों में से 5,258 ग्राम पंचायतें सामान्य वर्ग, 1,978 अनुसूचित जाति, 2,432 अनुसूचित जनजाति तथा 1,652 अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित की गई।

महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कुल 5,496 ग्राम पंचायतें महिलाओं के लिए आरक्षित रखी गईं। इनमें वर्गवार विवरण के अनुसार 2,731 सामान्य वर्ग, 900 अनुसूचित जाति, 1,131 अनुसूचित जनजाति तथा 734 अन्य पिछड़ा वर्ग की ग्राम पंचायतें महिलाओं हेतु आरक्षित की गई।

जिला स्तर पर विश्लेषण करने पर कोटा जिले की कुल 158 ग्राम पंचायतों में से 78 सामान्य वर्ग, 38 अनुसूचित जाति, 24 अनुसूचित जनजाति तथा 18 अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित की गई। इनमें से कुल 78 ग्राम पंचायतें महिलाओं के लिए आरक्षित थीं, जिनमें 41 सामान्य वर्ग, 18 अनुसूचित जाति, 12 अनुसूचित जनजाति तथा 7 अन्य पिछड़ा वर्ग की ग्राम पंचायतें सम्मिलित हैं।

प्रतिशतात्मक दृष्टि से अवलोकन करने पर पंचायत समिति इटावा, लाडपुरा तथा सांगोद में महिला आरक्षण पूर्ण 50 प्रतिशत निर्धारित किया गया। शेष पंचायत समितियों में भी महिला आरक्षण 50 प्रतिशत से थोड़ा कम लेकिन अपेक्षाकृत समान रखा गया, जो कि पंचायतीराज व्यवस्था के अंतर्गत प्रदत्त 50 प्रतिशत महिला आरक्षण नीति के प्रभावी क्रियान्वयन को स्पष्ट रूप से परिलक्षित करता है।

ग्राम पंचायतों आरक्षण का पंचायत समिति एवं लिंग वार संख्यात्मक विवरण निम्नानुसार है -
सारणी - 6

| पंचायत समिति | ग्राम पंचायत | आरक्षण | | | | | महिला आरक्षण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | GEN | SC | ST | OBC | TOTAL | GEN | SC | ST | OBC | TOTAL |
| इटावा | 30 | 15 | 07 | 07 | 01 | 30 | 9 | 3 | 3 | 0 | 15 |
| खैराबाद | 37 | 19 | 11 | 03 | 04 | 37 | 9 | 5 | 2 | 2 | 18 |
| लाडपुरा | 22 | 11 | 04 | 04 | 03 | 22 | 6 | 2 | 2 | 1 | 11 |
| सांगोद | 36 | 18 | 08 | 04 | 06 | 36 | 9 | 4 | 2 | 3 | 18 |
| सुल्तानपुर | 33 | 15 | 08 | 06 | 04 | 33 | 8 | 4 | 3 | 1 | 16 |
| कोटा | **158** | **78** | **38** | **24** | **18** | **158** | **41** | **18** | **12** | **7** | **78** |
| राजस्थान | **11320** | **5258** | **1978** | **2432** | **1652** | **11320** | **2731** | **900** | **1131** | **734** | **5496** |

अमृत काल
अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ समीक्षित एवं स्वीकृत शोध पत्रिका
ISSN: 3048-5118, खंड4, अंक1, जनवरी - मार्च 2026

ग्राम पंचायत चुनावों में निर्वाचित महिला प्रतिनिधित्व
राजस्थान में सम्पन्न ग्राम पंचायत आम चुनावों के परिणामों के अनुसार कुल 11,311 ग्राम पंचायतों के वर्गवार विश्लेषण करने पर ज्ञात होता है कि 1,030 ग्राम पंचायतों में सामान्य वर्ग, 1,095 में अनुसूचित जाति, 1,095 में अनुसूचित जनजाति तथा 2,583 ग्राम पंचायतों में अन्य पिछड़ा वर्ग की महिला प्रत्याशियों ने विजय प्राप्त की।

इस प्रकार महिलाओं के लिए आरक्षित कुल 5,496 पदों की तुलना में 6,225 पदों पर महिला प्रत्याशियों का निर्वाचित होना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह कुल निर्वाचित पदों का 55.03 प्रतिशत है, जो निर्धारित 50 प्रतिशत महिला आरक्षण से अधिक है। इससे स्पष्ट होता है कि महिलाओं ने केवल आरक्षित सीटों पर ही नहीं, बल्कि सामान्य श्रेणी की सीटों पर भी प्रतिस्पर्धात्मक सफलता प्राप्त की, जो स्थानीय लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं की बढ़ती राजनीतिक भागीदारी एवं नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है।

जिला स्तर पर कोटा जिले की 158 ग्राम पंचायतों के चुनाव परिणामों का विश्लेषण करने पर पाया गया कि 19 ग्राम पंचायतों में सामान्य वर्ग, 18 में अनुसूचित जाति, 21 में अनुसूचित जनजाति तथा 24 ग्राम पंचायतों में अन्य पिछड़ा वर्ग की महिला प्रत्याशियों ने विजय प्राप्त की। इस प्रकार जिले में महिलाओं के लिए आरक्षित 78 पदों के विरुद्ध कुल 82 पदों पर महिला प्रत्याशी निर्वाचित हुईं, जो कुल पदों का 51.90 प्रतिशत है। यह आँकड़ा भी निर्धारित आरक्षण सीमा से अधिक महिला प्रतिनिधित्व को प्रदर्शित करता है।

पंचायत समितिवार विश्लेषण से ज्ञात होता है कि पंचायत समिति खैराबाद में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों का प्रतिशत सर्वाधिक 56.76 रहा, जबकि पंचायत समिति सुल्तानपुर में यह 51.52 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो निर्धारित आरक्षण सीमा से अधिक है। वहीं पंचायत समिति इटावा, लाडपुरा तथा सांगोद में महिला निर्वाचित प्रतिनिधित्व 50 प्रतिशत रहा, जो आरक्षण नीति के पूर्ण अनुपालन को दर्शाता है।

उपरोक्त तथ्य यह संकेत करते हैं कि पंचायतीराज संस्थाओं में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी मात्र आरक्षण तक सीमित न रहकर प्रतिस्पर्धात्मक लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय एवं प्रभावी रूप से विकसित हो रही है। निर्वाचित महिला सरपंचों का पंचायत समिति एवं वर्गवार संख्यात्मक विवरण निम्न प्रकार है –

सारणी – 7

| पंचायत समिति | ग्राम पंचायत | GEN | OBC | ST | SC | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इटावा | 30 | 4 | 2 | 3 | 6 | 15 |
| खैराबाद | 37 | 3 | 9 | 6 | 3 | 21 |
| लाडपुरा | 22 | 3 | 3 | 2 | 3 | 11 |
| सांगोद | 36 | 4 | 7 | 5 | 2 | 18 |
| सुल्तानपुर | 33 | 5 | 3 | 5 | 4 | 17 |
| कोटा | **158** | 19 | 24 | 21 | 18 | 82 |
| राजस्थान | **11311** | 1030 | 2583 | 1095 | 1517 | 6225 |

निर्वाचित महिला सरपंचों का आरक्षित एवं निर्वाचित सीटों का तुलनात्मक विवरण निम्न प्रकार है -
सारणी - 8

| पंचायत समिति | ग्राम पंचायत | आरक्षित | निर्वाचन | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| इटावा | 30 | 15 | 15 | 50.00 |
| खैराबाद | 37 | 18 | 21 | 56.76 |
| लाडपुरा | 22 | 11 | 11 | 50.00 |
| सांगोद | 36 | 18 | 18 | 50.00 |
| सुल्तानपुर | 33 | 16 | 17 | 51.52 |
| कोटा | **158** | **78** | 82 | 51.90 |
| राजस्थान | **11311** | **5496** | 6225 | 55.03 |

अमृत काल
अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ समीक्षित एवं स्वीकृत शोध पत्रिका
ISSN: 3048-5118, खंड4, अंक1, जनवरी - मार्च 2026

निर्वाचित महिला सरपंचों की आयु संरचना का विश्लेषण

राजस्थान में ग्राम पंचायत चुनावों के परिणामस्वरूप निर्वाचित कुल 6,225 महिला सरपंचों की आयु संरचना का विश्लेषण करने पर विभिन्न आयु वर्गों में 25 वर्ष तक के आयु वर्ग में 928 महिलाएँ, 26 से 35 वर्ष आयु वर्ग में 1,882 महिलाएँ, 36 से 50 वर्ष आयु वर्ग में 1,606 महिलाएँ, 51 से 60 वर्ष आयु वर्ग में 936 महिलाएँ तथा 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 873 महिलाएँ निर्वाचित हुईं। आयु वर्गानुसार विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि राज्य स्तर पर सर्वाधिक 1882 महिला प्रतिनिधित्व 26 से 35 वर्ष आयु वर्ग में दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम 873 प्रतिनिधित्व 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में निर्वाचित हुई।

जिला स्तर पर कोटा जिले की 82 ग्राम पंचायतों में निर्वाचित महिला सरपंचों की आयु संरचना का अध्ययन करने पर पाया गया कि 25 वर्ष तक के आयु वर्ग में 10 महिलाएँ, 26 से 35 वर्ष आयु वर्ग में 26 महिलाएँ, 36 से 50 वर्ष आयु वर्ग में 31 महिलाएँ, 51 से 60 वर्ष आयु वर्ग में 9 महिलाएँ तथा 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 6 महिलाएँ निर्वाचित हुईं। जिले में सर्वाधिक 31 महिला प्रतिनिधित्व 36 से 50 वर्ष आयु वर्ग में, जबकि न्यूनतम 06 महिला प्रतिनिधित्व 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में दर्ज किया गया।

यह स्थिति स्थानीय स्वशासन में युवा एवं मध्यम आयु वर्ग की महिला सरपंचों की बढ़ती राजनीतिक भागीदारी को इंगित करती है। निर्वाचित महिला सरपंचों का आयु वर्ग पंचायत समिति वार समूह वार संख्यात्मक विवरण निम्नानुसार है –

सारणी - 9

| पंचायत समिति | ग्राम पंचायत | Up to 25 | 26 to 35 | 36 to 50 | 51 to 60 | Above 60 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इटावा | 30 | 04 | 06 | 08 | 02 | 01 | 21 |
| खैराबाद | 37 | 02 | 03 | 04 | 02 | 00 | 11 |
| लाडपुरा | 22 | 01 | 03 | 06 | 03 | 02 | 15 |
| सांगोद | 36 | 01 | 08 | 07 | 00 | 01 | 17 |
| सुल्तानपुर | 33 | 02 | 06 | 06 | 02 | 02 | 18 |
| कोटा | 158 | 10 | 26 | 31 | 09 | 06 | 82 |
| राजस्थान | 11311 | 928 | 1882 | 1606 | 936 | 873 | 6225 |

निर्वाचित महिला सरपंचों की शैक्षणिक योग्यता का विश्लेषण

राजस्थान में सम्पन्न ग्राम पंचायत चुनावों के परिणामस्वरूप निर्वाचित कुल 6,225 महिला सरपंचों की शैक्षणिक योग्यता के उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार 340 महिला सरपंच निरक्षर, 3,159 साक्षर, 449 प्राथमिक शिक्षित, 560 उच्च प्राथमिक शिक्षित, 523 माध्यमिक, 422 उच्च माध्यमिक, 491 स्नातक, 281 स्नातकोत्तर तथा 73 महिला सरपंच व्यावसायिक शैक्षणिक योग्यता प्राप्त हैं।

जिला स्तर पर कोटा जिले की 82 निर्वाचित महिला सरपंचों की शैक्षणिक स्थिति का अध्ययन करने पर पाया गया कि इनमें 2 निरक्षर, 31 साक्षर, 6 प्राथमिक, 13 उच्च प्राथमिक, 7 माध्यमिक, 4 उच्च माध्यमिक, 11 स्नातक, 5 स्नातकोत्तर तथा 3 व्यावसायिक शैक्षणिक योग्यता प्राप्त महिला सरपंच शामिल हैं।

पंचायत समितिवार तुलनात्मक विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि जिले की दोनों निरक्षर महिला सरपंच पंचायत समिति खैराबाद एवं पंचायत समिति लाडपुरा से संबंधित हैं। इसी प्रकार व्यावसायिक शैक्षणिक योग्यता प्राप्त 3 महिला सरपंचों में से 2 पंचायत समिति सुल्तानपुर तथा 1 पंचायत समिति खैराबाद से निर्वाचित हुई हैं।

यह वितरण दर्शाता है कि पंचायतीराज संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी केवल औपचारिक शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि विभिन्न शैक्षणिक स्तरों की महिलाएँ स्थानीय शासन में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। साथ ही उच्च शिक्षा प्राप्त महिलाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति ग्रामीण नेतृत्व के बदलते स्वरूप को भी इंगित करती है। निर्वाचित महिला सरपंचों का शैक्षणिक योग्यता के अनुसार पंचायत समिति वार संख्यात्मक विवरण निम्नानुसार है –

अमृत काल
अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ समीक्षित एवं स्वीकृत शोध पत्रिका
ISSN: 3048-5118, खंड4, अंक1, जनवरी - मार्च 2026

सारणी - 10

| पंचायत समिति | ग्राम पंचायत | Illiterate | Literate | Primary | Upper Primary | Secondary | Sr Secondary | Graduate | Post Graduate | Profes-sional | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इटावा | 30 | 00 | 06 | 00 | 03 | 04 | 01 | 01 | 00 | 00 | **15** |
| खैराबाद | 37 | 01 | 10 | 01 | 02 | 01 | 00 | 05 | 00 | 01 | **21** |
| लाडपुरा | 22 | 01 | 02 | 02 | 04 | 00 | 01 | 01 | 00 | 00 | **11** |
| सांगोद | 36 | 00 | 05 | 02 | 03 | 01 | 01 | 03 | 03 | 00 | **18** |
| सुल्तानपुर | 33 | 00 | 08 | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | 02 | 02 | **17** |
| कोटा | 158 | 02 | 31 | 06 | 13 | 07 | 04 | 11 | 05 | 03 | **82** |
| **राजस्थान** | **11311** | **340** | **3159** | **449** | **560** | **523** | **422** | **491** | **208** | **73** | **6225** |

निर्वाचित महिला सरपंचों का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है -

सारणी - 11

| **क्र. सं.** | **पंचायत समिति** | **ग्राम पंचायत** | **आरक्षित सीट वर्ग** | **निर्वाचित महिला सरपंच** | **उम्र** | **वर्ग** | **शिक्षा** | **विशेष विवरण** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लाडपुरा | आरामपुरा | SC (W) | सरिता | 39 | SC | Upper Primary | |
| 2 | लाडपुरा | अलनिया | GEN (W) | अंजना | 40 | GEN | Upper Primary | |
| 3 | लाडपुरा | अरण्डखेडा | GEN (W) | सीता देवी | 55 | GEN | Primary | |
| 4 | लाडपुरा | गन्दीफली | ST (W) | निर्मला बाई | 35 | ST | Literate | |
| 5 | लाडपुरा | जाखोडा | OBC (W) | हेमलता सुमन | 32 | OBC | Graduate | |
| 6 | लाडपुरा | काल्याखेडी | GEN (W) | बजरंगी बाई | 34 | ST | Sr Sec | |
| 7 | लाडपुरा | कोलाणा लक्ष्मीपुरा | GEN (W) | भूरी बाई | 55 | GEN | Literate | |
| 8 | लाडपुरा | मण्डाना | ST (W) | बबली मीणा | 21 | ST | Upper Primary | सबसे कम उम्र की महिला |
| 9 | लाडपुरा | मवासा | GEN (W) | रश्मि कुमारी | 25 | OBC | Primary | |
| 10 | लाडपुरा | रंगपुर | GEN (W) | गायत्री बाई | 39 | OBC | Upper Primary | |
| 11 | लाडपुरा | ताथेड | SC (W) | निर्मला | 41 | SC | Literate | |
| 12 | सुल्तानपुर | अमरपुरा | SC (W) | गायत्री बाई | 31 | SC | Literate | |
| 13 | सुल्तानपुर | बडौद | ST (W) | गायत्री मीणा | 27 | ST | Secondary | |
| 14 | सुल्तानपुर | बनेठिया | GEN (W) | शिवांगी | 29 | GEN | Graduate | |
| 15 | सुल्तानपुर | भौंरा | GEN (W) | अमृता कंवर | 34 | GEN | B.ed | |
| 16 | सुल्तानपुर | चौमा मालियान | ST (W) | उदमा | 35 | ST | Post Graduate | |
| 17 | सुल्तानपुर | डूंगरज्यां | SC (W) | मुरली बाई | 35 | SC | Sr Secondary | |
| 18 | सुल्तानपुर | गढेपान | GEN (W) | रेखा बाई | 33 | OBC | Literate | |
| 19 | सुल्तानपुर | जालिमपुरा | SC (W) | चम्पा बाई | 50 | SC | Literate | |
| 20 | सुल्तानपुर | झाडगांव | GEN (W) | संजू बाई | 39 | OBC | Literate | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | सुल्तानपुर | खेडली तंवरान | GEN (W) | रामप्यारी बाई | 64 | GEN | Literate | |
| 22 | सुल्तानपुर | कोटडा दीपसिंह | SC | संतोष बाई | 50 | SC | Primary | |
| 23 | सुल्तानपुर | लाखसनीजा | ST (W) | राजेश बाई | 43 | ST | Literate | |
| 24 | सुल्तानपुर | मूण्डला | GEN (W) | पूजा नागर | 25 | OBC | Post Graduate | |
| 25 | सुल्तानपुर | पोलाई कलां | GEN (W) | संतोष बाई | 36 | ST | Literate | |
| 26 | सुल्तानपुर | रेलगांव | SC (W) | सुलोचना कुमारी | 36 | SC | Literate | |
| 27 | सुल्तानपुर | सारोला | GEN (W) | प्रीति झाला | 31 | GEN | MBA | |
| 28 | सुल्तानपुर | सुल्तानपुर | GEN (W) | हेमलता शर्मा | 39 | GEN | Upper Primary | |
| 29 | सांगोद | आवां | GEN (W) | छयाना बाई | 68 | SC | Literate | सबसे अधिक उम्र की महिला |
| 30 | सांगोद | अमृतकुआं | GEN (W) | सुशीला बाई | 37 | GEN | Upper Primary | |
| 31 | सांगोद | दीगोद | ST (W) | प्रियंका मीणा | 24 | ST | Graduate | |
| 32 | सांगोद | देवली | SC (W) | शकुंतला बाई | 48 | SC | Literate | |
| 33 | सांगोद | घूलेट | OBC (W) | गिरिजा बाई | 51 | OBC | Primary | |
| 34 | सांगोद | हींगोनियां | GEN (W) | बीना नागर | 27 | OBC | Post Graduate | |
| 35 | सांगोद | जालिमपुरा | GEN (W) | चन्द्रकला | 35 | OBC | Upper Primary | |
| 36 | सांगोद | झालरी | GEN (W) | योगेन्द्र | 48 | OBC | Primary | |
| 37 | सांगोद | कमोलर | GEN (W) | मेघा गौतम | 24 | GEN | Graduate | |
| 38 | सांगोद | कनवास | SC (W) | रीना | 43 | SC | Graduate | |
| 39 | सांगोद | कुन्दनपुर | GEN (W) | मीना कुमारी | 64 | GEN | Sr Secondary | |
| 40 | सांगोद | कुराड | SC (W) | नरेश कुमारी | 33 | SC | Post Graduate | |
| 41 | सांगोद | लबानिया | ST (W) | अरूणा | 35 | ST | Post Graduate | सबसे कम मतों से विजय |
| 42 | सांगोद | मामोर | GEN (W) | धन्नी बाई | 54 | OBC | Literate | |
| 43 | सांगोद | मोरूकलां | OBC (W) | गणेशी बाई | 46 | OBC | Literate | |
| 44 | सांगोद | सावनभादो | GEN (W) | सोनू | 33 | GEN | Secondary | |
| 45 | सांगोद | ढोटी | SC (W) | मनभर बाई | 37 | SC | Literate | |
| 46 | सांगोद | विनोदखुर्द | OBC (W) | नीतू | 26 | OBC | Upper Primary | |
| 47 | इटावा | अयाना | GEN (W) | रामकथा मीणा | 31 | ST | Secondary | |
| 48 | इटावा | बागली | GEN (W) | सीमा | 38 | GEN | Upper Primary | |
| 49 | इटावा | दुर्जनपुरा | SC (W) | पिंकी | 37 | SC | Literate | |
| 50 | इटावा | जटवाडा | ST (W) | भरोसी | 51 | ST | Literate | |
| 51 | इटावा | जोरावरपुरा | ST (W) | मधु मीणा | 33 | ST | Secondary | |
| 52 | इटावा | ककरावदा | GEN (W) | भारती | 28 | ST | Graduate | |
| 53 | इटावा | खातोली | SC (W) | पार्वती बाई | 58 | SC | Literate | |
| 54 | इटावा | ख्यावदा | GEN (W) | मंजू सुमन | 42 | OBC | Literate | |
| 55 | इटावा | लक्ष्मीपुरा | GEN (W) | सुनीता | 40 | ST | Secondary | |

अमृत काल
अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ समीक्षित एवं स्वीकृत शोध पत्रिका
ISSN: 3048-5118, खंड4, अंक1, जनवरी - मार्च 2026

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 56 | इटावा | लुहावद | GEN (W) | संजीदा बेगम | 39 | GEN | Upper Primary | |
| 57 | इटावा | नीमोला | GEN (W) | रीना कंवर | 24 | GEN | Secondary | |
| 58 | इटावा | रजोपा | GEN (W) | नसीम बानो | 66 | GEN | Upper Primary | |
| 59 | इटावा | रनोदिया | SC (W) | सुशीला बाई | 60 | SC | Literate | |
| 60 | इटावा | शहनावदा | ST (W) | कंचन बाई | 68 | ST | Literate | सबसे अधिक उम्र की महिला |
| 61 | इटावा | तालाब | GEN (W) | दमयन्ती | 36 | OBC | Sr Secondary | |
| 62 | खैराबाद | अरनियां कलां | GEN (W) | सुमित्रा बाई | 36 | OBC | Literate | |
| 63 | खैराबाद | बुद्धखान | SC (W) | मोहनी बाई | 36 | SC | Literate | |
| 64 | खैराबाद | चेचट | OBC (W) | कृष्णा माली | 27 | OBC | Graduate | |
| 65 | खैराबाद | देवली कलां | GEN (W) | गायत्री बाई | 49 | OBC | Literate | |
| 66 | खैराबाद | धरनावदा | GEN (W) | द्रोपदी बाई | 65 | OBC | Illiterate | |
| 67 | खैराबाद | गादिया | SC (W) | अनिता कुमारी | 23 | SC | Secondary | |
| 68 | खैराबाद | घाटोली | ST (W) | कल्याणी बाई | 59 | ST | Literate | |
| 69 | खैराबाद | गोयन्दा | GEN (W) | गरिमा हाडा | 33 | GEN | Graduate | |
| 70 | खैराबाद | हाथियाखेडी | GEN (W) | ज्योति | 22 | OBC | Upper Primary | |
| 71 | खैराबाद | हीरियाखेडी | GEN (W) | जोहरा बी | 56 | GEN | Literate | |
| 72 | खैराबाद | जुल्मी | SC (W) | वर्षा परमार | 24 | SC | Graduate | |
| 73 | खैराबाद | कुदायला | GEN (W) | रेखा बाई | 31 | ST | Literate | |
| 74 | खैराबाद | मदनपुरा | OBC (W) | सुनीता धाकड | 29 | OBC | Graduate | |
| 75 | खैराबाद | मण्डा | GEN (W) | मनीषा गुर्जर | 23 | OBC | Upper Primary | |
| 76 | खैराबाद | मोडक गांव | GEN (W) | कैलाश | 49 | OBC | Upper Primary | |
| 77 | खैराबाद | पीपाखेडी | SC (W) | हेमलता बाई | 42 | SC | Literate | |
| 78 | खैराबाद | रीछडिया | SC (W) | संतोष | 43 | SC | Literate | |
| 79 | खैराबाद | सहरावदा | GEN (W) | सुबराती | 44 | GEN | Literate | |
| 80 | खैराबाद | सालेडा खुर्द | ST (W) | राजेश बाई | 47 | ST | Primary | |
| 81 | खैराबाद | सातलखेडी | OBC | सुषमा कुमारी | 29 | OBC | Graduate | |
| 82 | खैराबाद | उदपुरा मोडक स्टेशन | SC | प्रीति कुमारी | 27 | SC | BBA | सर्वाधिक मतों से विजय |

## निर्वाचन परिणामों से संबंधित प्रमुख तथ्य एवं विस्तृत विवरण

कोटा जिले में सम्पन्न ग्राम पंचायत चुनावों के समग्र विश्लेषण से निर्वाचन परिणामों से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण तथ्य सामने आये हैं जो स्थानीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया की विविधता एवं प्रतिस्पर्धात्मक प्रकृति को स्पष्ट करते हैं। जो निम्न प्रकार है -

- **सर्वाधिक मतों से विजय** - पंचायत समिति खैराबाद की उदपुरा मोडक स्टेशन ग्राम पंचायत से प्रीति कुमारी ने सर्वाधिक मतों के अंतर से विजय प्राप्त की। उन्होंने कुल 2,847 मत प्राप्त किए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी को मात्र 391 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार वे 3,456 मतों के अंतर से विजयी रहीं, जो जिले में सर्वाधिक विजय अंतर के रूप में दर्ज किया गया।

ISSN: 3048-5118, खंड4, अंक1, जनवरी - मार्च 2026

- **सबसे कम मतों से विजय -** सबसे कम मतों से विजय पंचायत समिति सांगोद की लबानियां ग्राम पंचायत में दर्ज की गई, जहाँ अरूणा ने अत्यंत कड़े मुकाबले में मात्र 1 मत के अंतर से विजय प्राप्त की। उन्हें 1,121 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 1,120 मत प्राप्त हुए। यह परिणाम स्थानीय स्तर पर प्रत्येक मत के महत्व को रेखांकित करता है।
- **निर्विरोध निर्वाचन -** इस संदर्भ में उल्लेखनीय तथ्य यह है कि कोटा जिले में कोई भी महिला सरपंच निर्विरोध निर्वाचित नहीं हुई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सभी ग्राम पंचायतों में चुनाव प्रतिस्पर्धात्मक रूप से सम्पन्न हुए।
- **सर्वाधिक आयु की महिला सरपंच -** पंचायत समिति सांगोद की ग्राम पंचायत आवां से छयाना बाई तथा पंचायत समिति इटावा की ग्राम पंचायत शहनावदा से कंचन बाई, दोनों 68 वर्ष की आयु में निर्वाचित हुईं। ये दोनों जिले की सर्वाधिक आयु वाली महिला सरपंच निर्वाचित हुई।
- **सबसे कम आयु की महिला सरपंच -** पंचायत समिति लाडपुरा की ग्राम पंचायत मण्डाना से बबली मीणा सबसे कम आयु की महिला सरपंच रहीं, जिनकी आयु मात्र 21 वर्ष है।

उपरोक्त तथ्य यह स्पष्ट करते हैं कि कोटा जिले में महिला नेतृत्व आयु, अनुभव एवं राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के विविध आयामों को समाहित करते हुए विकसित हो रहा है।

## सन्दर्भ सूचि

1. राजस्थान निर्वाचन आयोग https://sec.rajasthan.gov.in/